स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय–नगर पालिका परिषद्, चम्पावत

स्वच्छ चम्पावत
सुन्दर चम्पावत

गोरलचौड रोड,निकट गोरल मन्दिर–चम्पावत
ई0मेलः –eo2014champawat@gmail.com

पत्रांकः– 38 /गोल्ज्यू महोत्सव/2026–27 दिनांकः– 10 /04/2026

श्री गोरल/गोल्ज्यू महोत्सव 2026
ई–निविदा सूचना

एतदद्वारा समस्त निर्माता फर्मों/कम्पनी/उद्योग/अधिकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदारों अनुभवी व्यक्तियों/संस्थाओं/सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद्, चम्पावत द्वारा आयोजित किये जाने वाले श्री गोरल/गोल्ज्यू महोत्सव–2026 के सफल आयोजन हेतु निम्नलिखित तालिका में वर्णित समस्त व्यवस्थाओं/कार्यो को करवाये जाने/संपादित किये जाने हेतु https://www.uktenders.gov.in पोर्टल पर दिनांक 23.04.2026 को अपराह्न 02:00 बजे तक ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 23.04.2026 को अपराह्न 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेंगी। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत शर्तें/जानकारी https://www.uktenders.gov.in अथवा किसी भी कार्य दिवस में पालिका कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

क्रम सं0	कार्य एवं स्थल का विवरण	अनुमानित निविदा मूल्य	निविदा प्रतिभूति	निविदा प्रपत्र मूल्य + 18% GST	निविदा की वैद्यता
1	श्री गोल्ज्यू महोत्सव–2026 मेले के सफल संचालन की समस्त व्यवस्थाये यथा महोत्सव परिसर में 15×15 वर्ग फीट की 5 वाटरप्रुफ Pagoda कैनोपी, वाटरप्रुफ पण्डाल निर्माण, वाटरप्रुफ स्टेज निर्माण, पण्डाल में बैठने की समस्त व्यवस्था, मेला परिसर की साज–सज्जा व पण्डाल परिसर में एल0ई0डी0 स्क्रीन की स्थापना, मेला परिसर में निर्बाध विद्युत व्यवस्था हेतु विद्युत संयोजन तथा जनेरेटर की व्यवस्था, मेला परिसर एवं चयनित स्थलों में स्वागत द्वारों का निर्माण, नगर क्षेत्र में चयनित स्थल एवं श्री गोरल/गोल्ज्यू मंदिर परिसर, पालिका कार्यालय, महोत्सव से संबंधित सम्पर्क मार्गो में प्रकाश व्यवस्था, साज–सज्जा, मेला परिसर हेतु पुलिस बूथ कन्ट्रोल रुम निर्माण, मेला परिसर हेतु 20 अस्थाई शौचालय निर्माण मेला परिसर एवं चयनित स्थलो में सी०सी०टी०वी० कैमरों की स्थापना, सम्पूर्ण मेला कार्यक्रम हेतु का एल0ई0डी0 स्क्रीन में सजीव प्रसारण एवं कवरेज करने हेतु फोटो एवं विडियोग्राफी प्रतिदिन एवं मेले में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों हेतु लाईट एण्ड साउण्ड व्यवस्था व मेले हेतु आने वाले समस्त सांस्कृतिक दलों व अन्य की समस्त व्यवस्थायें किये जाने का कार्य।	15,00,000.00	45,000.00	1500 + 270.00 GST 18%	30 दिन

(भरत त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद्, चम्पावत।

(प्रेमा पाण्डेय)
अध्यक्ष,
नगर पालिका परिषद्, चम्पावत।

प्रतिलिपि :–

1. जिलाधिकारी, चम्पावत को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. वरिष्ठ कोषाधिकारी कोषागार कार्यालय चम्पावत को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. अधिशासी अभियन्ता, प्रा0ख0 लो0नि0वि0 चम्पावत को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. विज्ञापन व्यवस्थापक दैनिक समाचार पत्र दैनिक अमर उजाला, दैनिक शाह टाइम्स को इस आशय से प्रेषित कि उक्त निविदा सूचना को सर्व साधारण के सूचनार्थ न्यूनतम साईज पर/न्यूनतम राजकीय दरों में अपने दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाते हुए बिल को जिला सूचना अधिकारी से सत्यापित कर नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।
5. अवर अभियंता, नगर पालिका परिषद्, चम्पावत को इस निर्देश के साथ की उक्तानुसार निविदा को पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करे।
6. नोटिस बोर्ड, नगर पालिका परिषद्, चम्पावत।

(भरत त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद्, चम्पावत।

(प्रेमा पाण्डेय)
अध्यक्ष,
नगर पालिका परिषद्, चम्पावत।